दिन—सोमवार दिनांक— 05 ⁄ 08 ⁄ 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. नालंदा में लोकाईन नदी का तटबंध छह जगह टूटने से एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में। सोन नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए इन्द्रपुरी बराज के सभी उनहत्तर फाटक खोले गए।

02. प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। किशनगंज और अररिया जिले में अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी बारिश की चेतावनी।

03. पटना के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कौरेया गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से अपराधियों ने इक्कीस लाख रूपये लूटे।

04. और, आज सावन की तीसरी सोमवारी है। सुबह से ही मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का लगा है तांता।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और झारखंड, उत्तरप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के चलते राज्य की विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागमती नदी बेनीबाद में और कोसी नदी बलतारा में खतरे के निशान से ऊपर चली गई है। वहीं, गंगा नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट और भागलपुर के कहलगांव में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। घाघरा और गंडक नदी भी उफान पर है। हमारे संवाददाता ने बताया कि नालंदा के हिलसा अनुमंडल से गुजरने वाली लोकाईन नदी का तटबंध टूटने से बारह से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं।

———बाईट———

झारखंड में भारी बारिश होने के चलते नालंदा जिले के हिलसा अनुमंडल अंतर्गत फल्गु की सहायक लोकाईन नदी के जलस्तर में अचानक बढ़ोतरी दर्ज की गई। इससे नदी का तटबंध छह जगह टूट गया। तटबंधों के टूटने से लगभग एक दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। तेज बहाव के कारण धुरी बिगहा गांव के पास बीस फीट तक तटबंध टूट गया है। इससे धुरी बिगहा, फुलवरिया, छियासठ बिगहा, मुरलीगढ़, सोहारापुर, कुसेता और राढ़िल छिलका गांव से पश्चिम सैकड़ों एकड़ खेत में लगी फसल नष्ट हो गई है। दूसरी तरफ धानाबिगहा गांव से पूरब तटबंध टूटने के कारण धानाबिगहा और बेलदारी बिगहा गांव सबसे अधिक प्रभावित है। वहीं, मूसाढ़ी गांव के पास तटबंध टूटने से सौ एकड़ से अधिक रकबे में लगी फसल जलमग्न है। इधर, जिले से होकर बहने वाली सकरी तथा जिरायन नदी के जलस्तर में वृद्धि से लोग आशंकित नजर आ रहे हैं। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि जल संसाधन विभाग की ओर से तटबंधों की मरम्मति का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों तक राहत पहुंचायी जा रही है। सामुदायिक रसोईघर का संचालन भी शुरू कर दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए नालंदा से निरंजन कुमार।

इधर, रोहतास जिले में सोन नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। जलस्तर बढ़ने से इन्द्रपुरी बराज के सभी उनहत्तर फाटक खोल दिए गए हैं।

———बाईट———

सोन नदी के जलग्रहण क्षेत्र मे भारी बारिश और झारखंड की कोयल नदी तथा छतीसगढ़ की कनहर नदी से भारी मात्रा में पानी पहुंचने से सोन के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। नदी के तटीय इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जिला प्रशासन ने तिलौथू, रोहतास और नौहट्टा जैसे तटीय इलाकों के लोगों को अलर्ट कर दिया है। वहीं सोन डीला से किसानों और चरवाहों को दूर रहने के निर्देश दिये गए है। नौहट्टा और रोहतास प्रखंड में तेज बहाव के कारण कटाव हो रहा है। इससे किसान चिंतित हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए रोहतास से चन्दन कुमार।

दूसरी तरफ, झारखंड के घोड़ा घाट वियर का फॉलिंग शटर टूटने से फल्गु नदी भी उफान पर है। इसके चलते जहानाबाद जिले के मोदनगंज और घोसी अंचल क्षेत्र में नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

———बाईट———

जहानाबाद के मोदनगंज प्रखंड के मिर्जापुर गांव के पास फल्गु नदी का तटबंध टूटने से सड़क दो हिस्सों में बंट गई है। इससे दो दर्जन गांवों के बीच आवागमन बाधित हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार दो वर्षों के बाद नदी में पानी आयी है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने फल्गु नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और अंचलाधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

इधर, अरवल से हमारे संवाददाता ने बताया कि सोन नदी के इंद्रपुरी बराज के सभी फाटक खोले जाने के बाद नदी के जलस्तर में वृद्धि हो रही है। एक रिपोर्ट—

———बाईट———

अरवल की जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने सोन नदी के तटवर्ती इलाकों का निरीक्षण कर लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि रात में सोन नदी में जलस्तर में और वृद्धि होने की संभावना है। श्रीमती सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन माइकिंग के द्वारा लोगों को सावधान कर रही है। संबंधित अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारियों और जल संसाधन विभाग से अधिकारियों को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए है। आकाशवाणी समाचार के लिए अरवल से चन्द्रभूषण कुमार।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान भोजपुर के सहार में सबसे अधिक छिहत्तर दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज और अररिया जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है।

———बाईट———

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों की छुट्टी तालिका में संशोधन किया है। विद्यालयों में अब छह दिन की अतिरिक्त छुट्टी मिलेगी। संशोधित तालिका के अनुसार अब विद्यालयों में रक्षाबंधन को एक दिन, हरतालिका व्रत को लेकर दो दिन, अनंत चतुर्दशी, जितिया और गुरूनानक जयंती को एक–एक दिन छुट्टी रहेगी।

———————————————————————

दरभंगा ग्रामीण एसपी काम्या मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पुलिस मुख्यालय को भेजे अपने इस्तीफे में उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से पदमुक्त होने की इच्छा जताई है। काम्या मिश्रा दो हजार उन्नीस बैच की आईपीएस अधिकारी हैं।

———————————————————————

रूपौली की पूर्व विधायक बीमा भारती के पति अवधेश मंडल ने आज पूर्णियां व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद अदालत ने उसे चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अवधेश मंडल पर व्यापारी गोपाल यादुका की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। इस मामले उसका बेटा राजा भी आरोपी है, जो फरार चल रहा है।

———————————————————————

पटना के दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत कौरेया गांव स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से अपराधियों ने इक्कीस लाख रूपये लूट लिए। वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्र ने बताया कि तीन से चार की संख्या में आए अपराधियों ने हथियार के बल पर बैंककर्मियों और ग्राहकों को बंधक बना कर घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————

पेरिस ओलिंपिक के आज ग्यारहवें दिन बैडमिंटन में कांस्य पदक के लिए खेले गए मुकाबले में लक्ष्य सेन को मुकाबला मलेशिया के ली.ज़ी जिया से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले भारत की महिला टेबल टेनिस टीम ने इतिहास रचा। टीम स्पर्धा में पहली बार भाग ले रहे भारत ने रोमानिया को तीन—दो से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

———————————————————

केंद्र सरकार ने कहा है कि सहारा इंडिया रियल एस्टेट कंपनी और सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन में निवेश करने वाले सत्रह हजार दो सौ पचास दावेदारों को अब तक एक सौ अड़तीस करोड़ रुपये लौटा दिए गए हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए यह जानकारी दी।

———————————————————

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि उनके मंत्रालय ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान में अधिक भागीदारी के लिए सभी संसद सदस्यों को एक पत्र लिखा है। लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण संरक्षण और वन क्षेत्र बढ़ाने का अभियान शुरू किया है। केंद्रीय मंत्री ने अभियान को सफल बनाने के लिए एकजुट प्रयास की अपील की।

———————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज गोपालगंज के फुलवरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्य सरकार के मंत्री जनक राम, स्थानीय विधायक राजेश कुमार सिंह और विधान पार्षद राजीव कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————————

आज सावन की तीसरी सोमवारी है। जिला मुख्यायलों से हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। पूरा वातावरण शिव भजन और बोलबम के जयकारों से गुंजायमान है।

———म्यूजिक———

मुजफ्फरपुर के बाबा गरीब नाथ, सोनपुर के हरिहर नाथ, पूर्वी चंपारण के अरेराज मंदिर, पटना के बैकटपुर धाम, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, लखीसराय के अशोकधाम और मधेपुरा के सिंघेश्वर स्थान समेत प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। भागलपुर के सुल्तानगंज में बड़ी संख्या में कांवरिया उत्तरवाहिनी गंगा का जल उठाने के लिये पहुंच रहे हैं। ये कांवरियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे।

———म्यूजिक———

————————————————————————

वैशाली जिले के हाजीपुर औद्योगिक थाना क्षेत्र में हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से मारे गए नौ कांवरियों के निकटतम परिजन को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि उपलब्ध करा दी गई है। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। इधर, इस हादसे में घायल दो कांवरियों को उपचार के बाद छुट्‌टी दे दी गई है।

————————————————————————

कटिहार जिले के मनिहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुमारीपुर कजरा के पास दो मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में चार युवकों की मौत हो गई। चारों युवक मनिहारी घाट पर गंगा जल भरने जा रहे थे। हमारे संवाददाता ने बताया कि दो मृतक कटिहार जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के उदामारहिका गांव के रहने वाले थे। जबकि दो अन्य युवक पूर्णियां जिले के सरसी थाना क्षेत्र के रहने वाले थे।

————————————————————————

मुंगेर जिले के टेटिया बंबर थाना क्षेत्र अंतर्गत बनौली गांव स्थित बकरी फ़र्म में पुलिस ने छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उदभेदन किया है। पुलिस ने बताया कि मौके से कई  निर्मित–अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस मिनी गन फैक्ट्री संचालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

किशनगंज जिले के कुर्लीकोर्ट थाना क्षेत्र के हाजी बस्ती में तालाब में नहाने के दौरान तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। एसएसबी और एसडीआरएफ की टीम ने सभी शव को बरामद कर लिया है। इधर, पश्चिम चम्पारण जिले के गौनाहा थाना क्षेत्र के भीतिहरवा पंचायत अंतर्गत बैरटवा गांव में पंडई नदी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई।

————————————————————————

अररिया जिले के सोनमणि थाना क्षेत्र के डुमरिया बॉर्डर से पुलिस ने दो सौ दस लीटर नेपाली शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

मुजफ्फरपुर में पिछले दिनों एक इंजीनियर की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————————

सम्पूर्णता अभियान के तहत शेखपुरा जिले के शेखोपुरसराय प्रखंड के ओनामा ग्राम पंचायत के स्वास्थ्य उपकेन्द्र पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं समेत अन्य लोगों की जाँच की गई और उनके बीच दवा का वितरण किया गया।

———————————————————————————

कैमूर जिले के एक हजार छह सौ उनासी राजस्व गांव में विशेष भूमि सर्वेक्षण का काम आज से शुरू हो गया है। सर्वेक्षण का काम अगले वर्ष जुलाई तक पूरा करने का लक्ष्य है।

———————————————————————————

01. नालंदा में लोकाईन नदी का तटबंध छह जगह टूटने से एक दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में। सोन नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए इन्द्रपुरी बराज के सभी उनहत्तर फाटक खोले गए।

02. प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। किशनगंज और अररिया जिले में अगले चौबीस घंटों के दौरान भारी बारिश की चेतावनी।

03. शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों की छुट्टी तालिका में संशोधन किया। विद्यालयों में अब छह दिन की अतिरिक्त छुट्टी मिलेगी।

04. और, आज सावन की तीसरी सोमवारी है। सुबह से ही मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए भक्तों का लगा है तांता।

———————————————————————————

समाप्त